## Unit 02 . सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग (Community Health Nursing)

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग को परिभाषित कीजिए।**

**Define community health nursing.**

**उत्तर-** वर्जिनिया हेन्डरसँन के अनुसार

नर्सिंग का उद्देश्य मुख्य रूप से रोगी अथवा अस्वस्थ लोगों की सहायता करना है, साथ ही उनमें ऐसा ज्ञान और इच्छाशक्ति पैदा करना है ताकि समय (अप्रत्याशित घटना) पड़ने पर वे बिना सहायता के कार्य कर सकें।

इसके अतिरिक्त उन व्यक्तियों को जितना शीघ्र सम्भव हो उतना शीघ्र उपरोक्त सहायता से मुक्त कराने में नर्सिंग का उसी प्रकार विशिष्ट योगदान भी है।

नर्स समुदाय उनके दैनिक कार्यों एवं बीमारियों का सामना करने की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता करता है।

नर्सिंग प्रक्रिया के द्वारा व्यक्तियों, परिवारों तथा सामुदायिक समूहों की स्वास्थ्य समस्याओं से उत्पन्न स्थितियों के अनुसार देखभाल की जाती है।

According to Virginia Henderson, the objective of nursing is mainly to help the sick or unwell people, as well as to create such knowledge and will power in them so that when the time comes (unexpected event), they can work without help.

Apart from this, nursing also has a special contribution in liberating those people from the above mentioned help as soon as possible.

The community of nurses helps in fulfilling their daily tasks and needs in coping with the illness.

nursinggyan.com

The nursing process provides care to individuals, families and community groups based on health conditions.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग के उद्देश्य क्या हैं?**

**What are the objectives of community health nursing?**

**उत्तर-** सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग के निम्नलिखित उद्देश्य होते हैं-

Community health nursing has the following objectives-

1. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग में गुणवत्ता प्रत्याभूति (quality assurance) प्रदान करना।

2. समुदाय में नर्सिंग सेवा से एक वातावरण बनाना जिससे कि समुदाय कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग की आवश्यकता एवं महत्व समझ सके।

3. जीवन प्रत्याशा (life expectancy) में बढ़ोतरी करना।

4. शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर एवं बीमारियों की दर कम करना।

5. पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर, असमर्थता की रोकथाम करना।

6. स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना।

7. बीमारियों की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार कारण का पता करना।

8. स्वास्थ्य कार्यक्रमों का मूल्यांकन करना तथा आगे की योजना बनाना।

9. सामुदायिक निदान योजना।

10. सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) एवं अन्य संगठनों की सहायता करना।

11. निर्धन एवं कमजोर वर्गों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का पता लगाना तथा प्राथमिकताएं निर्धारित करना।

nursingyan.com

12. स्वास्थ्य के विभिन्न स्तरों पर रैफरल सेवाएं प्रदान करना।

13. विभिन्न गतिविधियों के द्वारा नर्सिंग प्रोफेशन का स्तर (standard) बढ़ाना।

1. To provide quality assurance in community health nursing.

2. To create an environment through nursing services in the community so that the community can understand the need and importance of community health nursing.

3. To increase life expectancy.

4. To reduce infant mortality rate, maternal mortality rate and disease rates.

5. To prevent disability by providing rehabilitation services.

6. Providing health care services.

7. To find out the cause responsible for the origin of diseases.

8. To evaluate health programs and plan further.

9. Community Diagnostic Scheme.

10. To assist voluntary organizations, non-governmental organizations (NGOs) and other organizations working in the field of community health.

11. To identify the health needs of the poor and weaker sections and set priorities.

12. To provide referral services at various levels of health.

13. To raise the standard of nursing profession through various

nursinggyan.com

activities.

**Q. सामुदायिक नर्स के गुण क्या-क्या होते हैं?**

**What are the qualities of community nurse?**

**उत्तर-** नर्स के गुण (Qualities of Nurse)- नर्स के गुण निम्नलिखित हैं-

Following are the qualities of a nurse-

1. ईमानदारी और निष्ठा।
2. अनुशासन एवं आज्ञापालन।
3. सतर्कता एवं बुद्धिमत्तापूर्ण निरीक्षण।
4. तकनीकी योग्यता।
5. विश्वसनीय एवं समन्वयशीलता।
6. विश्वास प्रेरित करने की योग्यता।
7. अपने साथियों के प्रति स्नेह।
8. युक्तिपूर्णता समय, सामग्री एवं ऊर्जा की मितव्ययिता।
9. शालीनता एवं गरिमा।
10. सहानुभूति, संवेदना, व्यवहार कुशलता एवं संतुलन।
11. बुद्धिमत्ता एवं व्यावहारिक ज्ञान।
12. धैर्य एवं विनोद-प्रियता।
13. अच्छा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य।
14. उदारता।

nursingyan.com

15. सौजन्यता एवं शांतिप्रियता।

1. Honesty and integrity.
2. Discipline and obedience.
3. Vigilant and intelligent inspection.
4. Technical Qualification.
5. Reliability and coordination.
6. Ability to inspire confidence.
7. Affection towards one's companions.
8. Rationality, economy of time, material and energy.
9. Decency and dignity.
10. Empathy, sensitivity, tact and balance.
11. Intelligence and practical knowledge.
12. Patience and love of humor.
13. Good mental and physical health.
14. Generosity.
15. Courtesy and peace-loving.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।**

**Describe the principles of community health nursing.**

nursinggyan.com

**उत्तर-** समुदाय में कार्य करते समय सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को निम्नलिखित सिद्धांतों को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए-

While working in the community, the community health nurse should work keeping the following principles in mind-

**1. आवश्यकता पर** आधारित स्वास्थ्य सेवाएं

व्यक्ति एवं समुदाय की आवश्यकताओं पर आधारित होना चाहिए। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान तथा उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखना चाहिए।

Need based health services should be based on the needs of the individual and community. Health programs should take into account solutions to health problems and available resources.

**2. उद्देश्य निर्धारित -**

समुदाय में प्रदान की जानी वाली सेवाएं तथा सुविधाओं का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए जिससे कि जरूरतमंद को सुविधा का लाभ मिल सके तथा उद्देश्य की पूर्ति की जा सके।

The objective of the services and facilities provided in the community should be clear so that the needy can get the benefit of the facility and the objective can be fulfilled.

**3. पक्षपातरहित सेवा** -

समुदाय में दी जाने वाली सेवा सभी धर्म, जाति, आयु तथा वर्ग के लोगों के लिए समान होनी चाहिए अर्थात् सुविधाओं का लाभ सभी लोगों को मिलना चाहिए तथा स्वास्थ्य सुविधाएं महंगी नहीं होनी चाहिए, ताकि सभी के द्वारा उसका लाभ लिया जा सके।

nursingguan.com

The service provided in the community should be equal for people of all religions, castes, age and class, that is, all people should get the benefit of the facilities and health facilities should not be expensive, so that everyone can avail them. Can go.

**4. परिवार एक इकाई** -

परिवार को एक इकाई मानकर सदस्यों को नर्सिंग सेवाएं प्रदान करनी चाहिए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में परिवार की सक्रिय सहभागिता प्राप्त करना चाहिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स परिवार तथा समुदाय में जाकर समस्या को समझकर उसके निदान के लिए परिवार को हरसंभव मदद करे तथा परिवार एवं समुदाय को उससे बचने के उपाय भी बताए।

Considering the family as a unit, nursing services should be provided to the members and active participation of the family should be achieved in health services.

The community health nurse should go to the family and the community and help the family in every possible way to understand the problem and solve it and also tell the family and the community the ways to avoid it.

**5. स्वास्थ्य शिक्षा तथा परामर्श**

**सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स** की यह जिम्मेदारी है कि वह व्यक्ति, परिवार व समुदाय की आवश्यकता के अनुसार उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करे तथा समाज में जो स्वास्थ्य के प्रति भ्रातियाँ फैली हैं उनको तर्क के साथ समाज के लोगों को अवगत कराए।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की यह जबावदेही है कि स्वास्थ्य से जुड़ी हुई नवीनतम जानकारी से अवगत रहे तथा समाज में रहने वालों को उस जानकारी के बारे में बताए

nursinggyan.com

जिससे कि वे स्वास्थ्य लाभ उठा सके।

It is the responsibility of the community health nurse to provide health education as per the needs of the individual, family and community and to counter the prevailing health related misconceptions in the society with logic.Inform the people of the society.

It is the responsibility of the community health nurse to be aware of the latest information related to health and to inform the people living in the society about that information so that they can avail health benefits.

**6. नियोजन में सहायता** करना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स रोगी के अधिकारों (rights) को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य से संबंधी निर्णय लेने में रोगी की मदद करे जिससे की वह सामान्य जीवन निर्वाह कर सके।

The community health nurse should help the patient in taking health related decisions keeping in mind the patient's rights so that he can lead a normal life.

**7. निरंतरता -**

सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय की जरूरत के आधार पर होनी चाहिए तथा इसमें निरंतरता बनी रहनी चाहिए। समुदाय में रहने वालों के बीच जाकर उनकी समस्या की खोज करनी चाहिए।

समस्या की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य कार्यक्रम की योजना बनाकर नर्सिंग सेवा देनी

nursinggyan.com

चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों को सही समय पर स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

Community health service should be based on the needs of the individual, family and community and there should be continuity in it.

One should go among the people living in the community and find out their problems. Considering the seriousness of the problem, a health program should be planned and nursing services should be provided so that the needy people can get health services at the right time.

**8. मूल्यांकन करना -**

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को निश्चित समय-सीमा में निरन्तर अपने द्वारा की गई स्वास्थ्य सेवा का अवलोकन करना चाहिए ताकि वह स्वास्थ्य सेवा के प्रभाव की जाँच कर सके कि वह कितनी प्रभावी है, अगर उसमें कुछ कमी रह जाती है तो उसको समय रहते दूर किया जा सकता है।

The community health nurse should continuously observe the health service done by him in a fixed time frame so that he can check the effect of the health service, how effective it is, if there is anything missing in it.If it occurs then it can be removed in time.

**9. उपहार स्वीकार** नहीं करने चाहिए

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स अवश्य ही किसी सरकारी या गैर-सरकारी संस्था से संबंध रखती है, अतः उसे अपनी संस्था के नियम तथा कानून को मानना चाहिए।

किसी व्यक्ति या परिवार के द्वारा दिए जाने वाले उपहार (gifts) तथा रिश्वत (bribe)

nursinggyan.com

को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

किसी भी प्रकार का उपहार या रिश्वत उसके व्यवसाय की प्रतिष्ठा को गिरा सकता है।

A community health nurse definitely belongs to a government or non-government organization, hence she should follow the rules and regulations of her organization. Gifts and bribes given by any person or family should not be accepted. any kind of gift or bribe in respect of his business.Can tarnish reputation.

## 10. नौकरी के दौरान प्रशिक्षण

**सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स** को सरकार तथा NGO के द्वारा जो प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाती है, उसमें अवश्य ही भाग लेना चाहिए।

कार्यशालाओं में आधुनिक विधि तथा स्वास्थ्य सेवा में आए बदलाव के बारे में जानकारी दी जाती है, उससे प्राप्त ज्ञान को उसे अपने सह-कर्मियों के साथ बाँटना चाहिए तथा अपने दैनिक कार्य में उसका उपयोग कर अपनी कार्य-कुशलता को बढ़ाना चाहिए।

Community health nurses must participate in training workshops organized by the government and NGOs.

Modern law and changes in health care were discussed in the workshops. Information is given about it, he should share the knowledge gained from it with his co-workers and use it in his daily work. You should increase your work efficiency by using it.

11. स्वास्थ्य सेवा देना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स का उद्देश्य केवल नर्सिंग सेवा प्रदान करना तथा समाज के

nursingguyan.com

लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना होता है उसे अन्य किसी राजनीतिक तथा धार्मिक मुद्दों पर दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को सब के लिए एक आदर्श तथा प्रेरणा स्रोत होना चाहिए।

The objective of the community health nurse is only to provide nursing services and provide health education to the people of the society.

She should not interfere in any other political and religious issues. Community health nurse should be a role model and source of inspiration for all.

12. उच्च शिक्षा प्राप्त करना

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को नर्सिंग जर्नल्स (journals), हेल्थ मैगजीन तथा रिसर्च रिव्यू उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहिए तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करना

The community health nurse should receive higher education in nursing journals, health magazines and research reviews. You should increase your knowledge by and pursuing higher education.

13. रिकार्ड रखना चाहिए

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को उसके कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी स्वास्थ्य सम्बन्धी रिकार्ड रखना चाहिए।

अच्छे से बनाये गये रिकार्ड नर्स को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में मदद करते हैं तथा जरूरत पड़ने पर नर्स को कानूनी सहायता लेने में भी मदद करते हैं।

nursinggyan.com

The community health nurse should keep all the health related records falling within her area of work.

Well maintained records help the nurse to provide better health care and also help the nurse to seek legal help if needed.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के कार्यों व जिम्मेदारियों का उल्लेख कीजिए।**

**Explain the functions and responsibilities of community health nurse.**

**उत्तर-** सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स का कार्य नियुक्ति स्थल तथा उसे प्राप्त पद के अनुसार निर्धारित होता है, शिक्षा व अनुभव उसके कार्यकारणी पर प्रभाव डालते हैं, फिर भी सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सों को स्वास्थ्य की संगठनात्मक संरचना के अन्तर्गत ही कार्य करना होता है जिनमें से मुख्य कार्य निम्न है-

The work of a community health nurse is determined according to the place of appointment and the post received by him, education and experience influence his executive, yet community health nurses have to work within the organizational structure of health, the main work of which is The following are-

**A. प्रबन्धकीय कार्य इनमें निम्न उत्तरदायित्व सम्मिलित हैं**

These include the following responsibilities:

**1. ऑकलन (Assessment) -**

• व्यक्ति, परिवार के बारे में उनसे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

nursinggyan.com

• स्वास्थ्य से जुड़ी हुई जरूरतों तथा समस्या का पता लगाना।

• उन कारकों का पता लगाना जो स्वास्थ्य समस्या को जन्म दे रहे हैं।

• व्यक्ति तथा परिवार के लोगों की योग्यता का पता लगाना कि वे अपने स्वास्थ्य के बारे में कितने सहज हैं।

• यह पता लगाना कि स्वास्थ्य से जुड़ी कितनी सुविधाएं प्राप्त हैं और उसका व्यक्ति तथा परिवार द्वारा कितना उपयोग किया जा रहा है।

• समाज में पायी जाने वाली समस्या के अनुसार यह पता लगाना कि किन स्वास्थ्य सेवाओं की समाज में ज्यादा जरूरत है।

• नर्सिंग सेवाओं की प्रकृति एवं भूमिका का निर्धारण करना।

• जानपदिक सर्वेक्षण (epidemiological survey) में भाग लेना।

• व्यक्ति, परिवार तथा समाज से प्राप्त स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को एकत्र कर रिपोर्ट तैयार करना।

• To get information about the person, family and people related to him

• To identify health related needs and problems.

• To find out the factors that are giving rise to health problems.

• To assess the individual's and family's ability to feel comfortable with their health.

• To find out how many health related facilities are available and how much is being utilized by the individual and family.

• According to the problems found in the society, to find out which

nursinggyan.com

health services are more needed in the society.

• To determine the nature and role of nursing services.

## 2. नियोजन (Planning) -

• व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय को विस्तृत नर्सिंग सेवा प्रदान करने की योजना बनाना।

• स्वास्थ्य कार्यक्रम की संशोधित योजना तैयार करना।

• मुख्य स्थानों जैसे- स्कूल, फैक्टरी तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वास्थ्य से जुड़ी हुई योजनाओं तथा निदान की जानकारी देने की योजना बनानी चाहिए।

• स्वास्थ्य दल के सदस्यों में कार्य वितरण तथा सहयोग की योजना तय करनी चाहिए।

• सामान्य स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में संबंधित लोगों के बीच समूह शिक्षा देने की योजना बनानी चाहिए।

• Planning to provide comprehensive nursing services to the individual, family and community.

• To prepare a revised plan of health programme.

• A plan should be made to provide information about health related schemes and diagnosis at important places like schools, factories and public places.

• A plan for work distribution and cooperation among health team members should be decided.

• A plan should be made to provide group education among the concerned people about general health education.

nursinggujan.com

**3. पर्यवेक्षण (Supervision) -**

• अधीनस्थ नर्सिंग कर्मियों (पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य सहायकों, सुपरवाइजर्स, दाई) के कार्यों का पर्यवेक्षण करना चाहिए।

• परिवार के सदस्यों द्वारा प्रदत्त देखभाल का निरीक्षण करना चाहिए।

• Should supervise the work of subordinate nursing personnel (male and female health workers, health assistants, supervisors, midwives).

• Care provided by family members should be monitored.

**4. समन्वय एवं सहयोग (Coordination and Cooperation)** -

• स्वास्थ्य दल के सदस्यों के मध्य सहयोग तथा समन्वय स्थापित करना।

• समुदाय में प्रभावशाली व्यक्तियों से स्वास्थ्य कार्य हेतु सहयोग प्रदान कराना।

• सरकारी एवं गैर-सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं तथा अन्य एजेन्सियों से सम्पर्क बनाए रखना चाहिए।

• स्वास्थ्य अधिकारियों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के मध्य सम्पूर्ण सूत्र के रूप में कार्य करना।

• To establish cooperation and coordination among the members of the health team.

• Providing support for health work from influential people in the community.

nursingguan.com

• Contact should be maintained with government and non-government health institutions and other agencies.

• To act as a complete link between health officials and health workers.

**5. मूल्यांकन (Evaluation) -**

• अपने कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा करना।

• संगृहित रिपोर्ट को उच्च अधिकारियों/स्वास्थ्य एजेन्सी को प्रेषित करना।

• क्लीनिकल सेवा, टीकाकरण, योग्य दम्पतियों को प्रेरणा, परिवार नियोजन कार्य, इत्यादि की प्रगति के आधार पर अपने कार्य का मूल्यांकन करना।

• Reviewing the monthly progress of your work.

• To send the collected reports to higher authorities/health agency.

• To evaluate our work based on the progress of clinical services, vaccination, motivation of eligible couples, family planning work, etc.

**B. नर्सिंग देखभाल कार्य (Nursing Care Function)** - इनमें निम्न उत्तरदायित्व सम्मिलित हैं-

These include the following responsibilities

• व्यक्ति, परिवार एवं समाज में नर्सिंग सेवाएं प्रदान करना।

nursinggyan.com

• रोग के निदान एवं उपचार में सहायता करना।

• रोगी की देखभाल में परिवार का मार्गदर्शन करना।

• नियमित गृह मुलाकात (home visit) करना।

• रोगी तथा परिवार में दी गई सेवा का रिकार्ड बनाना।

• To provide nursing services to the individual, family and society.

• To help in diagnosis and treatment of disease.

• Guiding the family in the care of the patient.

• Making regular home visits.

• Making records of services provided to the patient and family.

**C. शैक्षणिक कार्य (Educational Function)** - इनमें निम्न उत्तरदायित्व सम्मिलित हैं-

These include the following responsibilities-

• व्यक्तिगत एवं सामूहिक शिक्षण प्रदान करना।

• स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लेना।

• नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण में सहयोग देना।

• रोगी की देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना।

• पर्यावरण सुधार एवं विकास की शिक्षा प्रदान करना।

• साधारण A.V. Aids को तैयार करना तथा उनका बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग करना।

nursingguyan.com

• अनुसंधान (research) कार्यों हेतु सर्वेक्षण, जनांकिकी आँकड़े इकट्ठे करना, तथ्य प्रस्तुति इत्यादि में सहयोग प्रदान करना।

• To provide individual and group teaching.

• Participating in school health education programs.

• To assist in the training of nursing and health workers.

• To provide practical training in patient care.

• To provide education on environmental improvement and development.

• Ordinary A.V. Preparing aids and using them wisely.

• To provide assistance in survey, gathering demographic data, presentation of facts etc. for research work.

**D. अन्य कार्य (Other work)**

• रैफरल सेवाओं का उपयुक्त प्रयोग करना।

• क्लीनिकों, स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना, संचालन मे सहयोग करना।

• स्वास्थ्य कर्मियों में कार्य का आवंटन करना।

• स्वास्थ्य रिकार्ड का रख-रखाव तथा समय-समय पर रिपोर्ट भेजना।

• स्वास्थ्य सांख्यिकी (health statistics) कार्य में सहयोग देना।

• Making appropriate use of referral services.

• To cooperate in the establishment and operation of clinics and

nursingguan.com

health centres.

- Allocating work among health workers.
- Maintenance of health records and sending periodic reports.
- To assist in health statistics work.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग प्रक्रिया से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताएं व लाभ लिखिए।**

**What do you mean by community health nursing process? What are the characteristics and advantages of nursing process?**

**उत्तर**- समुदाय में नर्स के द्वारा रोगी को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के समय उसके द्वारा सम्पादित की जाने वाली गतिविधियाँ विभिन्न चरणों में पूर्ण होती हैं, जिन्हें सम्मिलित रूप से नर्सिंग प्रक्रिया कहते हैं।

नर्सिंग प्रक्रिया के चरण क्रम से घटित होते हैं तथा प्रत्येक चरण का अपना एक उद्देश्य होता है।

नर्सिंग प्रक्रिया नर्स द्वारा प्रदान की जाने वाली नर्सिंग देखभाल के लिए एक आधारभूत ढाँचा प्रदान करती है जो कि नर्स को बेहतर तथा प्रभावशाली सेवाएं प्रदान करने में सहायता करती है।

नर्सिंग प्रक्रिया मरीजों की समस्याओं का निर्धारण करने, उन्हें हल करने, योजना बनाने, योजनायुक्त कार्य प्रारम्भ करने या इसे क्रियान्वित करने तथा योजना का पता लगाने कि योजना किस हद तक प्रभावी हुई है, इस बात का पता करने का एक क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित तरीका है।

The activities performed by a nurse in the community while providing health care to the patient are completed in various stages, which are collectively called the nursing process.

nursinggyan.com

The steps of the nursing process occur sequentially and each step has its own purpose.

The nursing process provides a basic framework for the nursing care provided by a nurse that helps the nurse provide better and effective services.

The nursing process is a systematic and systematic way of determining the patient's problems, solving them, making a plan, initiating or carrying out a planned action, and ascertaining the extent to which the plan has been effective. .

**नर्सिंग प्रक्रिया की विशेषताएँ (Characteristics of Nursing Process)** -
नर्सिंग प्रक्रिया की विशेषताएं निम्न हैं-

The characteristics of nursing process are as follows-

1. यह व्यवस्थित (systematic), योजनाबद्ध (planned) तथा उद्देश्यपूर्ण (purposeful) होती है।

2. यह प्रत्येक रोगी के अनुसार समस्यामुखी (problem oriented) होती है।

3. यह एवं वैज्ञानिक विधि है जो नर्स को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मददगार होती है।

4. यह नर्स द्वारा सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों के लिए एक ढाँचा प्रदान करती है।

1. It is systematic, planned and purposeful.

2. It is problem oriented according to each patient.

nursinggyan.com

3. It is a more scientific method which helps the nurse in providing better health services.

4. It provides a framework for the activities to be performed by the nurse.

**नर्सिंग प्रक्रिया के लाभ (Advantages of Nursing Process)** - नर्सिंग प्रक्रिया के मुख्य लाभ निम्न हैं-

The main advantages of nursing process are as follows-

1. यह नर्स को बेहतर एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक होती है।

2. यह नर्स को रोगी की योजनाबद्ध तथा व्यवस्थित ढंग से स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में मदद करती है।

3. नर्सिंग प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने से देखभाल योजनाबद्ध होती है जोकि धन, सामग्री तथा समय की बचत करती है।

4. यह आवश्यकतानुसार नर्स की वैकल्पिक नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में सहायता करती है।

5. नर्सिंग प्रक्रिया द्वारा रोगी को प्राथमिकता के अनुसार नर्सिंग सेवा प्रदान करने में मदद करती है।

6. नर्सिंग प्रक्रिया के अंतिम चरण द्वारा दी जाने वाली सेवा का मूल्यांकन कर प्रभाव का पता लगाया जा सकता है।

1. It helps the nurse to provide better and effective health services.

2. It helps the nurse to provide health care to the patient in a planned and systematic manner.

nursinggyan.com

3. By working according to the nursing process, care is planned which saves money, materials and time.

4. It assists the nurse in providing alternative nursing care as needed.

5. Nursing process helps in providing nursing service to the patient as per priority.

6. The effectiveness can be ascertained by evaluating the service provided by the last step of the nursing process.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग प्रक्रिया के चरण समझाइए।**

**Explain the steps of community health nursing process.**

**उत्तर- 1. ऑकलन (Assessment)**

- समुदाय को चिन्हित करना।
- समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का पता लगाना।
- Identifying the community.
- To ascertain the health needs of the community.

**2. नर्सिंग निदान (Nursing Diagnosis)**

- समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को लिखना।
- प्राथमिकता तय करना।
- लक्ष्य निर्धारित करना।

nursinggyan.com

• To write down the health needs and problems of the community.

• Prioritizing.

• setting objectives.

**3. योजना (Planning)**

• देखभाल जो प्रदान करनी है।

• किन चीजों का इस्तेमाल होना है।

• कब करनी है।

• कैसे करनी है।

• The care that is to be provided.

• What things are to be used.

• When to do it.

• How to do it.

**4. क्रियान्वयन (Implementation)**

• निर्धारित लक्ष्यों एवं नर्सिंग केयर प्लान की समीक्षा करना।

• कार्य करने युक्त माहौल तैयार करना।

• नर्सिंग देखभाल प्रदान करना।

• उचित रिकार्डिंग एवं रिपोर्टिंग करना।

• Reviewing established goals and nursing care plans.

nursingguan.com

• Creating a conducive working environment.

• Providing nursing care.

• Proper recording and reporting.

**5. मूल्यांकन (Evaluation)**

• प्रदान की गई स्वास्थ्य देखभाल के प्रभाव का पता लगाना।

• To measure the impact of health care provided.

**Q. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका के बारे में लिखिए।**

**Write about the role of community health nurse.**

**उत्तर-** सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की भूमिका निम्न प्रकार है

The role of community health nurse is as follows-

**1. सलाहकार (Adviser)**

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स परिवार व समुदाय के लोगों से सीधे सम्पर्क में रहती है तथा परिवार व समुदाय के लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स पर विश्वास होता है, अतः स्वास्थ्य से जुड़े हर मुद्दे पर वे सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स से सलाह जरूर लेते हैं।

Community Health Nurse remains in direct contact with the family and community people and Family and community people have faith in the community health nurse, hence they take advice from the community health nurse on every health related issue.

nursingugyan.com

**2. वकील (Advocate) -**

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स रोगी के लिए वकील की तरह कार्य करती है जैसे वकील हर सम्भव अपने मुवक्किल (client) को बचाने की कोशिश करता है, उसी प्रकार नर्स भी अपने मरीज़ की नर्सिंग सेवा कर, उसको समय पर दवा देकर उसे अच्छा स्वच्छ भोजन खाने की सलाह देती है ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके।

Community health nurse works like an advocate for the patient. Just as a lawyer tries to save his client in every possible way, in the same way a nurse also provides nursing care to her patient and gives him medicines on time. She advises him to eat good clean food so that he can get healthy as soon as possible.

**3. देखरेख करना (Caregiver) -**

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय को उनकी आवश्यकता के अनुसार नर्सिंग सेवा प्रदान करती है।

यह विभिन्न प्रकार की होती है, जैसे, शरीर की स्वच्छता बनाने में, किसी बीमारी के निदान के लिए तथा स्वास्थ्य शिक्षा देना, आदि।

Community health nurse provides nursing services to the individual, family and community as per their needs. It is of different types, like for maintaining body hygiene, for diagnosing any disease and for giving health education, etc..

**4. केसफाइन्डर (Casefinder) -**

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स सर्वे तथा होम विजिट के द्वारा नर्सिंग सेवा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन लोगों तक जाती है जिनको नर्सिंग सेवा

nursingguan.com

की अत्यधिक आवश्यकता है।

Community health nurse goes to those people who are in great need of nursing service to achieve the goal of health service along with nursing service through surveys and home visits.

### 5. परामर्शदाता (Counsellor) -

यह सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स की एक महत्वपूर्ण भूमिका है इसमें वह रोगी को उसके तनाव से मुक्त होने में सहायता करती है।

वह हर सम्भव प्रयत्न करती है कि वह अपनी भावनाओं को व्यक्त करे तथा उसे वास्तविकता से अवगत कराती है।

This is an important role of the community health nurse in which she helps the patient to get relief from his stress. She makes every possible effort to express her feelings and make him aware of the reality.

### 6. सलाहकार (Consultant)

• सलाहकार के रूप में नर्स अपने ज्ञान और अनुभव से रोगी की समस्या का समाधान करती है।

As a consultant, the nurse solves the patient's problem with her knowledge and experience.

### 7. समन्वयक (Coordinator) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स सेवा प्रदान करने वाली एजेन्सी तथा परिवार व समुदाय के

nursingujan.com

बीच समन्वयक का कार्य करती है, जैसे- किसी परिवार में बाल शोषण का कोई मामला है तो वह समाज सेवक या उससे ताल्लुक रखने वाली संस्था से मिलकर उसे इस समस्या से मुक्त कराती है।

Community health nurse works as a coordinator between the service providing agency and the family and community, for example, if there is a case of child abuse in a family, then she meets the social worker or the organization related to it. Frees him from this problem.

## 8. सहयोगी (Collaborator) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए वह टीम की अन्य सदस्यों, मरीजों, अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं तथा क्षेत्रों में कार्यरत सदस्यों के साथ टीम भावना के साथ कार्य करती है।

To provide effective health services, the community health nurse works in a team spirit with other team members, patients, other health institutions and members working in the areas.

## 9. शिक्षक (Educator) -

स्वास्थ्य शिक्षा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण अंग है।

व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स का प्रमुख कार्य होता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों को तो स्वास्थ्य शिक्षा देती ही है साथ-साथ वह स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों की रोकथाम करने, स्वास्थ्य के संरक्षण हेतु स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करती है।

nursingyan.com

Health education is an important part of community health services. The main function of a community health nurse is to provide health education to the individual, family and community.

Community health nurse not only provides health education to the patient and his family members but also provides health education to promote the health of a healthy person, prevent diseases and preserve health.

## 10. निरीक्षक (Good Observer) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य का ऑकलन करके एक निरीक्षक की भूमिका निभाती है। वह समुदाय के सदस्यों के स्वास्थ्य स्तर में वृद्धि, उपचार के प्रभाव, उनका स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण आदि का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करती है।

Community health nurse plays the role of an observer by assessing the health of the people of the community. She carefully observes the increase in the health level of the community members, the effect of the treatment, their attitude towards health etc.

## 11. प्रेरणा स्त्रोत (Health Promoter) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स व्यक्ति, परिवार व समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि वह लोगों को अच्छे स्वास्थ्य व्यवहार को ग्रहण करने को प्रोत्साहित करती है।

Community health nurse is a source of inspiration for the individual, family and society, because she encourages people to adopt good health behavior.

nursinggyan.com

## 12. प्रबंधक (Manager) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स स्वास्थ्य सेवा देने के साथ-साथ एक प्रबंधक की भी भूमिका निभाती है, वह विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नियोजन, क्रियान्वन एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान इनके प्रभावी संपादन हेतु प्रबंधक के रूप में भी सक्रिय रहती है।

Along with providing health services, the community health nurse also plays the role of a manager. She is involved in various health schemes and national health programs during the process of planning, implementation and evaluation.

She is also active as a manager for effective editing.

## 13. शोधकर्ता (Researcher) -

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स सेवा के स्तर में प्रगति हेतु तथा उसमें आधुनिकता लाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स रिसर्च कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेती है।

In order to improve the level of community health nurse service and to bring modernity in it, the community health nurse also participates in research programs.

nursingyan.com